www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live






2 सामूहिक प्रयासों का परिणाम, सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य

दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला 04



वर्ष :08 | अंक :260 | मुंबई ,गुरूवार , 13 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### एलओसी के पास देखी गई संदिग्ध गतिविधियां, स्नाइपर अटैक में एक जवान घायल

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार, जवान नौशेरा सेक्टर के कलसियां इलाके में एक अग्रिम चौकी पर तैनात था, तभी सीमा पार से एक संदिग्ध स्नाइपर हमले में वह घायल हो गया। घायल जवान को प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर उसे उन्नत उपचार के लिए उधमपुर के एक सैन्य अस्पताल में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के कारणों की जांच की जा रही है। सुबह करीब 6 बजे इलाके में जीरो लाइन पर विस्फोट की खबर मिली, जिसके बाद तीन राउंड गोलीबारी हुई। हालांकि, विस्फोट में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है, जिसका कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पाकिस्तान कथित तौर पर संघर्ष विराम की आड़ में आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार भेजने की कोशिश कर रहा है, जिससे रणनीतिक आतंकवादी शिविरों में आतंकवादियों की संख्या बढ़ रही है।

### दिल्ली में पुलिस का एक्शन, 12 बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस ने बताया कि कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले राजधानी में बांग्लादेशी नागरिकों सहित प्रवासियों के अनधिकृत प्रवास पर बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए, दिल्ली पुलिस ने वैध भारतीय दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस भेजने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत बांग्लादेश से आठ अवैध प्रवासियों का पता लगाया गया और उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (ऋफफड) के माध्यम से उनके देश वापस भेज दिया गया। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली में वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान सजल मिया और मोहम्मद अली के रूप में हुई है। वे पंजाबी बाग इलाके में रहते थे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जिला) विचित्र वीर ने बताया, पंजाबी बाग थाने के अंतर्गत मादीपुर पुलिस चौकी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ा गया। असम में चार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा गया।

# पीएम नरेंद्र मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान, राष्ट्रीय दिवस समारोह में हुए शामिल

**57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह**

**मदर ऑफ डेमोक्रेसी की ओर से मॉरीशस को गिफ्ट, नया संसद भवन बनाएगा भारत**

▶▶ आज, प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम और मैंने भारत-मॉरीशस साझेदारी को 'बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का फैसला किया। हमने तय किया कि भारत मॉरीशस में नई संसद भवन के निर्माण में सहयोग करेगा। यह लोकतंत्र की जननी मॉरीशस की ओर से मॉरीशस को एक उपहार होगा।

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉरीशस दौरे का दूसरा दिन है। वे मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। पीएम मोदी बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह में शामिल हुए हैं। मॉरीशस को 12 मार्च 1968 को ब्रिटिश से आजादी मिली थी। यह राष्ट्रमंडल के तहत 1992 में गणतंत्र बना। भारतीय मूल के भारतीय मूल के सर शिवसागर रामगुलाम की अगुआई में मॉरीशस को आजादी मिली थी। इस दिन को मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाता है। आज के समारोह में भारतीय सेना की एक टुकड़ी, नौसेना का एक वॉरशिप और एयरफोर्स की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम भी इस समारोह में हिस्सा ले रही है। इस दौरान भारी बारिश भी हो रही है। इस दौरान पीएम मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च पुरस्कार 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' दिया गया। मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। किसी देश की तरफ से पीएम मोदी को दिया गया ।

### भारत और मॉरीशस में कई समझौते पर सहमति

भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों के बीच आज सुबह द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों देशों के बीच 8 समझौते हुए हैं। पीएम मोदी और मॉरीशस पीएम ने ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित भी किया। इस दौरान मॉरीशस के

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगा तालाब का दौरा किया



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मॉरीशस में पवित्र गंगा तालाब का दौरा किया। उन्होंने पवित्र स्थल पर पूजा-अर्चना की और त्रिवेणी संगम से लाए पवित्र जल का इसमें विसर्जन किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकुंभ मेले से पवित्र जल को गंगा तालाब तक लाने की पहल न केवल दोनों देशों के बीच आध्यात्मिक एकता को दर्शाती है, बल्कि उन समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करने और पोषित करने की उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक संबंधों की नींव हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री महामहिम नवीनचन्द्र रामगुलाम ने मॉरीशस में अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री महामहिम नवीनचन्द्र रामगुलाम ने मॉरीशस में अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का संयुक्त रूप से उद्घाटन कियाप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री महामहिम नवीनचन्द्र रामगुलाम ने मॉरीशस के रेडुइट में अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का आज संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। भारत-मॉरीशस विकास साझेदारी के तहत कार्यान्वित यह ऐतिहासिक परियोजना मॉरीशस में क्षमता निर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देती है।2017 के एक समझौता ज्ञापन के अंतर्गत 4.74 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान से उपलब्ध धनराशि से अत्याधुनिक संस्थान मंत्रालयों, सार्वजनिक कार्यालयों, अर्ध-सरकारी निकायों और सरकारी उद्यमों में मॉरीशस के सिविल सेवकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करेगा। प्रशिक्षण के अलावा, संस्थान लोक प्रशासन में उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में काम करेगा, अनुसंधान, शासन अध्ययन और भारत के साथ संस्थागत संबंधों को बढ़ावा देगा।*



# जांच अधिकारी के सामने पेश हुए अबू आजमी, कहा- लोग मुझे आतंकवादी कह रहे हैं

**विवादास्पद टिप्पणी मामले में मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में अधिकारियों के सामने पेश हुए**

पुलिस के सामने पेश होने के बाद अबू आजमी ने कहा कि बयान दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है, कोई मामला नहीं है। मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मैंने अग्रिम जमानत ली थी।

एजेंसी




मुंबईः औरंगजेब पर अपने विवादास्पद टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी विधायक अबू आसिम आजमी बुधवार को जांच अधिकारी के सामने पेश हुए. पुलिस के सामने पेश होने से पहले आजमी ने कहा कि वह पुलिस स्टेशन जा रहे हैं.उन्होंने कहा, मैं मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन जा रहा हूं. अदालत ने मुझे पुलिस स्टेशन जाकर तीन दिनों के लिए पुलिस के सामने हस्ताक्षर करने के लिए कहा है.₹ वहीं, पुलिस जांच में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सपा विधायक ने कहा, बयान दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है. कोई केस नहीं है. मेरे खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई थी. मैंने अग्रिम जमानत ली. मुझे जमानत मिल गई है और मुझे तीन दिनों स्टेशन आकर अपने साइन करने होंगे. आजमी ने कहा, अगर मुझ पर बिना कुछ गलत किए आरोप लगाए जा रहे हैं, तो हां, मुझे इसका डर है. उन्होंने मुझे पूरे सेशन से सस्पेंड कर दिया. लोग मुझे आतंकवादी कह रहे हैं, लेकिन मैंने कौन सा आतंक फैलाया है? यह बेमतलब है. सरकार जो चाहे करे, लेकिन मैं अपना काम जारी रखूंगा.₹बता दें कि मुंबई सेशन कोर्ट ने औरंगजेब पर उनके विवादास्पद बयान के मामले में जांच के लिए अबू आजमी को अधिकारी के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था।

# संभल सत्य है, किसी के पूजा स्थल पर जबरन कब्जा करना अस्वीकार्य :सीएम योगी

**औरंगजेब को आदर्श मानने वालों को सीएम योगी लगाई लताड़**

लखनऊ में पांचजन्य और ऑर्गनाइजर द्वारा आयोजित 'मंथन-महाकुंभ और उससे आगे' कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पूजा स्थलों का सम्मान करने और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के महत्व पर बल दिया।

एजेंसी



लखनऊ । संभल विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान आया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उसकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है - खासकर तब जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं। योगी ने दावा किया कि संभल का उल्लेख 5,000 साल पुराने ग्रंथों में मिलता है, जो इस्लाम से भी पहले का है। संभल में श्री हरि विष्णु का मंदिर 1526 में नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि भगवा मेरी पहचान है, सनातन धर्म की पहचान है और मुझे इस पर गर्व है। एक दिन पूरी दुनिया इसे अपनाएगी। लखनऊ में पांचजन्य और ऑर्गनाइजर द्वारा आयोजित 'मंथन-महाकुंभ और उससे आगे' कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पूजा स्थलों का सम्मान करने और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के महत्व पर बल दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी के लिए भी पूजा स्थल पर जबरन कब्जा करना अस्वीकार्य है। उन्होंने संभल का जिक्र करते हुए कहा, संभल सत्य है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर मुसलमान विधायकों को उठा कर बाहर फेंक देंगे:शुभेन्दु अधिकारी

**सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश : ममता बनर्जी**



एजेंसी

भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी को बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष के आसन का कथित रूप से अपमान करने के आरोप में 18 मार्च तक विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने ममता सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि यह सरकार सांप्रदायिक प्रशासन चला रही है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेन्दु अधिकारी ने एक विवादास्पद बयान देते हुए कहा है कि हम ममता बनर्जी को हराएंगे और जब भाजपा की सरकार आएगी तो हम उनकी पार्टी के मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर फेंक देंगे। शुभेन्दु अधिकारी के इस बयान पर बंगाल की राजनीति गर्मा गयी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी स्थायी नहीं है। कुर्सी का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। ममता ने कहा वे (भाजपा) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोजा का महीना है और उन्हें यह पसंद नहीं है। ममता ने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं एक हिंदू हूं और मुझे भाजपा से प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।हम आपको बता दें कि भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी को बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष के आसन का कथित रूप से अपमान करने के आरोप में 18 मार्च तक विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।

# 'नीतीश कुमार भंगेड़ी हैं, मेरा अपमान किया', विधान परिषद में टकराव के बाद सीएम पर भड़कीं राबड़ी देवी

नीतीश पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने दावा किया कि वह यह कहने की हिम्मत रखते हैं कि बिहार में उनके सत्ता में आने से पहले लड़कियां और महिलाएं कपड़े नहीं पहनती थीं। क्या यह बात उनके अपने परिवार की महिलाओं के लिए भी सच है?

एजेंसी



आरजेडी विधायकों ने विधानसभा सत्र से वॉकआउट करते हुए आरोप लगाया कि सीएम नीतीश कुमार और सत्तारूढ़ गठबंधन, एनडीए ने पूर्व सीएम राबड़ी देवी सहित बिहार की महिलाओं का अपमान किया है। आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने बाद में कहा कि नीतीश कुमार भंगेड़ी है, भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वे महिलाओं का अपमान करते हैं, जिनमें मैं भी शामिल हूं। उन्हें देखना चाहिए कि जब हम सत्ता में थे, तब हमने किस तरह का काम किया था। उनके आस-पास के लोग जो कहते हैं, वही वे बोलते हैं। उनकी अपनी पार्टी के सदस्य और भाजपा के कुछ नेता उनसे ऐसी बातें कहने के लिए कह रहे हैं।

# होली से पहले तिरपाल से ढके जाएंगे संभल के 10 धार्मिक स्थल

**जामा मस्जिद भी इसमें शामिल**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीशचंद्र ने कहा कि होली जुलूस के पारंपरिक मार्ग पर पड़ने वाले सभी 10 धार्मिक स्थलों को कवर किया जाएगा ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों। इस पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत और समझौता हो गया है।

एजेंसी



स्थानीय प्रशासन के निर्णय के अनुसार होली के त्यौहार से पहले संभल की जामा मस्जिद को तिरपाल से ढका गया है। पुलिस ने कहा कि यह निर्णय दोनों धार्मिक आयोजनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीशचंद्र ने कहा कि होली जुलूस के पारंपरिक मार्ग पर पड़ने वाले सभी 10 धार्मिक स्थलों को कवर किया जाएगा ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों। इस पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत और समझौता हो गया है।संभल की एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा ने बताया कि हमने धारा 126 और 135 के तहत 1015 लोगों को हिरासत में लिया है। संभल की अलग-अलग मस्जिदों में लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले को सेक्टरों में बांटा गया है। हम होली के लिए पूरी तरह तैयार हैं और सुनिश्चित करेंगे कि यह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। पिछले नवंबर से ही संभल में तनाव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि अदालत ने जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था, जिसके पीछे यह दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर के खंडहरों पर किया गया था। सर्वेक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन बड़े पैमाने पर हिंसा में बदल गया।

# भाजपा का 2500 रुपये का वादा साबित हुआ जुमला

**दिल्ली सरकार पर आतिशी की तंज**

आतिशी ने आगे कहा कि होली में अब सिर्फ 2 दिन बचे हैं और दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर का इंतजार कर रही हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर भाजपा और उनके झूठे वादों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि वे दिल्ली की महिलाओं से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिसमें 2,500 रुपये की सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता से कई वादे किए थे।2500 रुपये का वादा 'जुमला' साबित हुआ। दिल्ली की महिलाओं को होली के दौरान मुफ्त सिलेंडर मिलने थे। आतिशी ने आगे कहा कि होली में अब सिर्फ 2 दिन बचे हैं और दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर का इंतजार कर रही हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर भाजपा और उनके झूठे वादों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।

**निशाना** | **नीतीश कुमार पर तेजस्वी का निशाना**

# 'उन्हें आश्रम चले जाना चाहिए, वह सरकार चलाने में सक्षम नहीं'

एजेंसी



तेजस्वी यादव ने आज आरोप लगाया कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपहरण और डकैती जैसी घटनाएं ताबड़तोड़ हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे अपना विवेक खो चुके हैं।

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर ताजा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि उनका प्रशासन राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहा है। तेजस्वी यादव ने आज आरोप लगाया कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपहरण और डकैती जैसी घटनाएं ताबड़तोड़ हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे अपना विवेक खो चुके हैं। राजद नेता ने कहा कि मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि लालू जी ने पहले पीएम बनाया और मैंने उन्हें दो बार सीएम बनाया। नीतीश कुमार और लालू यादव में कोई तुलना नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए। नीतीश कुमार से पहले भी मेरे पिता (लालू यादव) सांसद बने थे। उन्होंने कहा कि हमारे समर्थन पत्र के बिना वह सीएम नहीं बन सकते थे। उन्हें आश्रम चले जाना चाहिए क्योंकि वह सरकार चलाने में सक्षम नहीं हैं। वह 14 करोड़ लोगों के भविष्य के साथ क्या कर रहे हैं? नीतीश कुमार की हालत स्थिर नहीं है। इससे पहले तेजस्वी यादव रविवार को उस समय नाराज हो गए जब उनसे बिहार के मुख्यमंत्री और जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ फिर से गठबंधन की संभावना के बारे में पूछा गया। नीतीश कुमार राजद के साथ गठबंधन तोड़ पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव यहां कथित तौर पर राजग द्वारा आरक्षण की चोरी और उसे हजम कर जाने के खिलाफ राजद द्वारा आयोजित धरने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले उनके जद (यू) प्रमुख के साथ हाथ मिलाने की संभावना है, तो यादव ने कहा, हम हाथ क्यों मिलाएंगे? आप मौजूदा मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? उनसे कहा गया कि मीडिया के एक वर्ग में ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि हाल ही में 74 साल के हुए नीतीश कुमार को इस बात की चिंता है कि चुनाव के बाद भाजपा नेतृत्व परिवर्तन के लिए दबाव डाल सकती है और राजद इस स्थिति का फायदा उठाकर उसके साथ गठबंधन का प्रस्ताव देने को तैयार है। तेजस्वी ने कहा, यह बिहार सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार नहीं था बल्कि यह भाजपा के मंत्रिमंडल का विस्तार रहा है। जेडीयू पार्टी को भाजपा के लोग समाप्त करना चाहते हैं उसी दिशा में बड़े-बड़े जदयू नेताओं का केवल तन जदयू में है लेकिन उनका मन और दिमाग भाजपा में है।

# सरकार उस पर शौचालय बनवा दे, औरंगजेब की कब्र हटाने पर बोले मनोज मुंतशिर

**बोले- हिंदुस्तान हमारे बाप का था और है**



एजेंसी

हिंदू विरोधियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग ये कहते हैं कि हिंदुस्तान किसी के बाप का नहीं है, मैं उन्हें बड़ी विनम्रता के साथ ये बात बता दूं कि हिंदुस्तान हमारे बाप का था और है।'

नयी दिल्ली। गीतकार और पटकथा लेखक मनोज मुंतशिर ने मंगलवार को भारत में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र की प्रासंगिकता पर नई बहस छेड़ दी और इसे राष्ट्रीय शर्म का स्मारक कहा। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की कब्र राष्ट्रीय शर्म का स्मारक है। उस जगह पर ऐसा क्या है जिस पर किसी भारतीय को गर्व होना चाहिए? उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब की कब्र गर्व करने लायक जगह है तो उन्हें अपनी देशभक्ति के बारे में दोबारा सोचने की जरूरत है। राम मंदिर के लिए कानूनी लड़ाई पर बोलते हुए उन्होंने मंदिर विरोधियों द्वारा दी गई दलीलों का हवाला देते हुए कहा, जब हम राम मंदिर के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे, तो उन्होंने हमें सलाह दी थी कि राम कण-कण में मौजूद हैं, इसलिए वहां अस्पताल या स्कूल बनाया जाना चाहिए। मैं उनकी बात को दोहराना चाहता हूं।

उन्होंने आगे कहा कि औरंगजेब की कब्र को नष्ट करने की कोई जरूरत नहीं है। इसके बजाय, उस पर शौचालय बनाया जाना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन चल रहा है।

## सम्पादकीय

### मतदाता सूची को लेकर व्यर्थ का शोर, पहचान पत्रों के क्रमांक में दोहराव को लेकर संसद में हंगामा

क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह के बीज बोना लोकतंत्र विरोधी आचरण ही है। यह किसी से छिपा नहीं कि विपक्षी दल जब-तब ईवीएम का विरोध करने के लिए आगे आ जाते हैं और यह जानते हुए भी मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करने लगते हैं कि उनसे कितने बड़े पैमाने पर धांधली होती थी।मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाता पहचान पत्रों के क्रमांक में दोहराव को लेकर संसद में हंगामा जारी है, लेकिन इससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है।इन मुद्दों पर हंगामा करने के बजाय इस पर गंभीरता के साथ विचारझ्विमर्श होना चाहिए कि मतदाता सूचियों की कथित गड़बड़ी कैसे रोकी जाए, लेकिन सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि मतदाता सूचियों में कैसी गड़बड़ी होती है और क्या विपक्षी दलों की ओर से जैसी गड़बड़ी की शिकायत की जा रही है, वैसी वास्तव में हो भी रही है ? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कुछ विपक्षी दल यह साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र सरकार के दबाव में चुनाव आयोग जानबूझकर त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची बना रहा है, ताकि भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी लाभ मिल सके। मतदाता सूची तैयार करने का काम चुनाव आयोग करता है और इसके लिए वह जिस सरकारी मशीनरी का सहारा लेता है, उस पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यदि विपक्ष यह कहना चाहता है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में भी सरकारी मशीनरी चुनाव आयोग के दबाव में गलत मतदाता सूचियां तैयार करती है तो इस पर यकीन नहीं किया जा सकता। मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का सवाल उठाकर विपक्ष लोगों का ध्यान खींचने में इसलिए नाकाम है, क्योंकि एक तो वह कोई पुष्ट प्रमाण सामने नहीं रख पा रहा और दूसरे, यह साबित करने की अतिरिक्त कोशिश कर रहा कि चुनावों में धांधली होती है। वह चुनावों में धांधली का शोर मचाते हुए हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों का तो उल्लेख कर रहा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर और झारखंड का जिक्र करने से बच रहा है। क्या वह यह कहना चाहता है कि जहांझ्जहां उसे पराजय मिलती है, वहीं-वहीं धांधली होती है ? समस्या केवल यह नहीं है कि विपक्षी दल चुनाव आयोग को बदनाम करने में लगे हुए हैं, बल्कि यह भी है कि वे अपने मनगढ़ंत आरोपों के सहारे चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा करने का काम कर रहे हैं। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह के बीज बोना लोकतंत्र विरोधी आचरण ही है। यह किसी से छिपा नहीं कि विपक्षी दल जब-तब ईवीएम का विरोध करने के लिए आगे आ जाते हैं और यह जानते हुए भी मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करने लगते हैं कि उनसे कितने बड़े पैमाने पर धांधली होती थी।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि** : मेष राशि के जातक कल यानि होलिका दहन वाले दिन अपने अधूरे कामों को पूरा करने के प्रयासों में तेजी लाएंगे. आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी. आपको कार्य क्षेत्र में कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है. आपको कामों को सावधानी से निपटाने की आवश्यकता है.

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के जातक कल यानि होलिका दहन वाले दिन किसी नए प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं और कोई कानूनी मामला भी आपका सुलझेगा. आपको यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी और आपको रोग व चिताओं से भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातकों का मन प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा. आपको गुप्त शत्रुओं से सावधान रखने की आवश्यकता है. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी. आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. आपको अपने कामों को किसी दूसरे पर टालने से बचना होगा.

**कर्क राशि**: कर्क राशि के जातकों के चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है. आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे. आपका कोई काम यदि लंबे समय से पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो वह भी दुर होगी.

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातको कि संतान नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं. आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा. आप अपने किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा. राजनीति में हाथ बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा.

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातकों के लिए कल यानि होलिका दहन वाले दिन दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई बडी उपलब्धि हासिल होगी. आपको धैर्य व साहस दिखाते हुए कामों को करना होगा. विद्यार्थी किसी विषय पर अच्छा अध्ययन करेंगे, जिसमें उन्हें आगे तक जाने का मौका मिलेगा.

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों को अपनी आय और व्यय भी संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है. यदि आप किसी वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई करेंगे, तो वह आपको मिल सकता हैं. आपके कुछ नए विरोधी खड़े हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल यानि होलिका दहन वाले दिन दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको एक साथ काफी काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी. आपको कार्यक्षेत्र में किसी सम्मान के मिलने से आपका मन खुश रहेगा. जो लोग बैंकिंग क्षेत्रो में कार्यरत है, उन्हें कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है.

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों के लिए कल यानि होलिका दहन वाले दिन दिन किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत करने के लिए रहेगा. आपको अपने कामों को लेकर भाग दौड़ अधिक रहेगी. आपको छुटपुट लाभ के अवसरों पर भी पूरा ध्यान देना होगा. आपको अपने भाई व बहनों से कोई वादा थोड़ा सोच समझकर करने की आवश्यकता है.

**मकर राशि** : मकर राशि के जातकों के लिए कल यानि होलिका दहन वाले दिन दिन कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा. आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी. राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नहीं पहचान मिलेगी.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों के लिए कल यानि होलिका दहन वाले दिन दिन अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा. आपका व्यवसाय पहले से बेहतर रहेगा. आपको आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयासों में तेजी लानी होगी.

**मीन राशि** : मीन राशि के जातको को कल यानि होलिका दहन वाले दिन किसी नए काम को करने पर सोच विचार कर सकते हैं. परिवार का कोई सदस्य आपका स्वाभिमान को ठेस पहुंचा सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सामूहिक प्रयासों का परिणाम, सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य

> क्या हमारे अन्य खेल संघ क्रिकेट प्रशासकों से कुछ सीख सकते हैं? क्या हम 2028 ओलिंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की आस कर सकते हैं? हम 2036 ओलिंपिक मेजबानी की दावेदारी कर रहे हैं तो उस दिशा में हमारे लिए एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में उभरना भी उपयुक्त होगा। चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन बनने में कुछ अंतर्निहित उपलब्धियां भी प्राप्त हुई हैं।

यह एक मानवीय प्रवृत्ति है कि हम खुशनुमा तस्वीरों को बार-बार देखना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए मैं यह स्वतंत्रता ले रहा हूं कि प्रसन्नता के उन पलों को पुन: जीवंत करने का प्रयास करूं।इसमें कोई संदेह नहीं कि क्रिकेट एवं सिनेमा मनोरंजन के हमारे सबसे बड़े स्रोत और साधन रहे हैं।समय के साथ मनोरंजन के परिदृश्य पर तमाम माध्यमों के उभार के बावजूद किसी बड़ी क्रिकेट विजय की संभवत: आज भी कोई बराबरी नहीं।चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने हमें फिर से हर्ष की अनुभूति कराई है। दशकों से हमारी क्रिकेट टीम मजबूत बनी हुई है।अतीत में भी कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां हमारे नाम रही हैं।हर बड़ी सफलता की भांति इस विजय के साथ भी कुछ विशेष पहलू सामने उभरे हैं।भारत ने विश्व क्रिकेट को अद्वितीय प्रतिभाएं दी हैं। सुनील गावस्कर और कपिल देव से लेकर सचिन तेंदुलकर के उभार तक हमारे पास खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं।जहां सर्वकालिक महान बल्लेबाज गावस्कर एवं श्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आलराउंडर कपिल देव समकालीन थे, वहीं तेंदुलकर इतिहास के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम के अग्रदूत रहे।उनके दौर में भी हमारे लिए गौरव के कई क्षण आए, फिर भी उसमें कहीं न कहीं निरंतरता का अभाव रहा।इसका सबसे तार्किक कारण यही समझा जा सकता है कि क्रिकेट एक टीम खेल है, जिसमें व्यक्तिगत उत्कृष्टता गाहे-बगाहे तो सफलता दिला सकती है, लेकिन निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य है।चैंपियंस ट्रॉफी इस मामले में अलग दिखती है।यह जीत सामूहिक प्रयासों का परिणाम रही। हमने देखा कि पूरी स्पर्धा के दौरान अलग-अलग खिलाड़ियों ने आगे आकर मोर्चा संभाला और जीत में अपना योगदान दिया।आरंभ से ही टीम ने सही निर्णय लिए। परिस्थितियों को बेहतर तरीके से परखा और अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन मैदान पर उतारा।टीम प्रबंधन को इसका भी श्रेय जाता है कि उसने टेस्ट क्रिकेट में पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू शृंखला और फिर आस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सफेद गेंद वाले प्रारूप में समयानुकूल ढलने का बढ़िया काम किया।टीम की जीत में वरिष्ठ दिग्गजों से लेकर युवा बल्लेबाजों ने उपयुक्त समय पर अपना योगदान दिया।हमारे बल्लेबाजी क्रम की गहराई और दबाव झेलने की क्षमता ने हमें अलग स्तर पर पहुंचाया। सीमित ओवर क्रिकेट में चार स्पिनरों को खिलाने के लिए बहुत साहस चाहिए।यह सोचकर देखिए तो बहुत विचित्र लग सकता है कि हम शमी के रूप में मात्र एक विशुद्ध तेज गेंदबाज और विशेषज्ञ स्पिनर के रूप में केवल वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव के साथ उतरे, जबकि शेष गेंदबाज असल में आलराउंडर थे, जिन्होंने स्थितियों की मांग के अनुरूप शानदार प्रदर्शन दिखाया। यह एक रणनीतिक गलती भी साबित हो सकती थी, जो अंतत: मास्टरस्ट्रोक बन गया।इससे जहां हमारे बल्लेबाजी क्रम को गहराई मिली तो छठे गेंदबाज का विकल्प भी मिल गया।पिछले कुछ वर्षों के दौरान सफेद गेंद वाले प्रारूप में हमारी टीम अद्भुत निरंतरता के साथ प्रदर्शन करने में सफल रही है। पिछले तीन आइसीसी टूर्नामेंट- 2023 विश्व कप, 2024 टी-20 विश्व कप और हाल में संपन्न चैंपियंस ट्रॉफी तक हमने 24 में 23 मैच जीते हैं।एकमात्र हार 2023 के विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली थी।जीत का यह औसत एक विलक्षण उपलब्धि है।पिछले वर्षों में यही एक अफसोस रहा कि प्रबल दावेदार होने के बावजूद हम कोई आइसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पा रहे थे और लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बावजूद नाकआउट दौर में हारकर बाहर हो जा रहे थे।गत वर्ष टी-20 विश्व कप में मिली जीत ने इस क्रम को तोड़ने का काम किया, जिसे इस जीत ने और आगे बढ़ाया।आज हमारी स्थिति अन्य टीमों के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है।सीमित ओवर क्रिकेट में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ है।इसकी गहराई का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमारी दूसरे दर्जे की टीम भी तमाम देशों की मुख्य टीमों का सामना करने में सक्षम है। वर्तमान में जश्न के साथ ही भविष्य पर दृष्टि भी आवश्यक है।हमारे दो सबसे बड़े दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में नि:संदेह वे इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में हैं और इस टूर्नामेंट ने यह भी दशार्या कि इस प्रारूप में अगले कुछ वर्षों में उनकी महत्ता बनी रहेगी।इस प्रारूप से इतर टी-20 अंतरराष्ट्रीय से दोनों पहले ही संन्यास ले चुके हैं। जहां कोहली में अभी भी टेस्ट क्रिकेट शेष दिखती है, वहीं संभवत: सबसे लंबे प्रारूप में रोहित के भविष्य को लेकर विचार किया जाना चाहिए।सफलता अपने साथ संतोष लाती है तो वह आकांक्षी भी बनाती है।हमारे पास जहां एक ओर उत्साह एवं प्रतिभा की भरमार है, वहीं उतनी ही लोकप्रियता और संसाधनों को देखते हुए यह अवश्य खटकता है कि अभी तक हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी नहीं जीती है।अतीत की महान टीमों का खेल के हर प्रारूप में वर्चस्व रहा है।यह खिताब दो बार हमारे हाथ से फिसल चुका है और इस बार तो हम फाइनल में भी नहीं पहुंच पाए। उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी के अगले चक्र में हम सफल होंगे।आगे की राह देखें तो हमारे लक्ष्य एकदम स्पष्ट होने चाहिए- 2026 का टी-20 विश्व कप, डब्ल्यूटीसी 2025-27 और 2027 वनडे विश्व कप।क्या हमारे अन्य खेल संघ क्रिकेट प्रशासकों से कुछ सीख सकते हैं? क्या हम 2028 ओलिंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की आस कर सकते हैं? हम 2036 ओलिंपिक मेजबानी की दावेदारी कर रहे हैं तो उस दिशा में हमारे लिए एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में उभरना भी उपयुक्त होगा। चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन बनने में कुछ अंतर्निहित उपलब्धियां भी प्राप्त हुई हैं। 1989 में प्रथम प्रधानमंत्री की जन्मशती पर हमने नेहरू कप आयोजित किया था।तब कोलकाता में अपने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को टूर्नामेंट जीतता देख हमें बड़ी निराशा हुई थी।अब दुबई में हमारे खिलाड़ियों को विजेता बनने पर जो सफेद ब्लेजर मिला, उस पर मेजबान के रूप में पाकिस्तान का नाम अंकित था।वस्तुत:, खेल इतिहास खट्टी-मीठी यादों से भरा है। खेलप्रेमियों की एक पीढ़ी ने जिस प्रकार पाकिस्तान के प्रभुत्व को देखा है तो यकीनन उन्हें इससे बहुत आनंद मिला होगा।




# हाय रे होली ......वाह रे टोली

इस साल की होली शनै शनै सिर पर आ पहुंची थी और हम घबराये कि अभी तक हमने होली के लिए किसी भी प्रकार का कोई कार्यक्रम फिक्स नहीं किया था ! यही सोच रहे थे कि हमारी श्रीमतीजी आ गईं और कहने लगी - क्या सोच रहे हो यूं अकेले अकेले। तब हमने उन्हें बताया कि होली को अब सिर्फ इने-गिने दिन रह गये हैं और हमारी कोई तैयारी अभो तक नहीं हुई है। यह सुनकर वह हँसने लगी और कहने लगीं अरे तो इसमें इतनी चिंता करने की बात कहां से आ गईं। तैयारी क्या करनी है बस कुछ पकवान वगैरह खास बना लेगें और रंग गुलाल की व्यवस्था कर लेंगे ,यह तो एक दिन का काम है। अभी से चिंता का क्या कारण है। मैंने कहा अरे तुम नहीं समझोगी, हमारी एक मित्र मण्डली है जिसमें सभी मित्रगण अपनी पत्नियों सहित होली के दिन 'होली मिलन' कार्यक्रम रखते है। और ये मंडली सभी के घरों में बारी-बारी से होली मनाने के लिये पहुंचती है और होली की हुड़दंग मस्ती करते हैं। इस ? मंडली में शामिल रहते हैं प्रफुल्ल उपाध्याय अमीर पाप्पुला, अजय वैष्णव, संजय पाण्डेय, कृष्णाकर गुप्ता, अमित व्यास, संतोष और मो अली, सुभाष भाई। और मैं सोच रहा था कि यह होली मेरी शादी के बाद की पहली होली है तो क्यूँ न ऐसी होली का शमां बनाया जाय कि हमारे सभी मित्रों को हमारे यहां की होली हमेशा-हमेशा याद रह जाये। और सबसे बड़ी बात तो यह है कि तुम भी तो इस वर्ष पहली बार होली में मेरे साथ मौजूद हो। मैंने धीरे से मजाकिये मूड़ में श्रीमती जी से कहा तो वह शरमाकर जल्दी से बोलने लगीं- ये तो और भी अच्छी बात है कि इस साल हमारे घर ऐसा प्रोग्राम हो कि सभी लोग हमारी तारीफ करने लग जांय, लेकिन ये जरूरी है कि सभी लोगों से हमारी पार्टी कार्यक्रम तगड़ी होनी चाहिए। तभी तो हमे अपने काम में पूरी सफलता मिलेगी। श्रीमती जी ने आगे बताया कि अभी उस दिन मैं जब बाजार गई थी तो



श्रीमती उपाध्याय और श्रीमती पाप्पुला मिल गई थीं और वे लोग मेरी खिल्ली उड़ा रहे थे कि तुमने तो अपनी शादी के बाद एक भी पार्टी नहीं दिया है। मैंने भी उसी दिन ठान लिया था कि ऐसी पार्टी दूंगी कि वे लोग भी क्या याद रखेंगे। बस तो हम दोनों ने एक यादगार पार्टी आयोजन के लिये कमर कस कर तैयार हो गये। मैं आवश्यक तैयारियों के लिये मार्केट जाने का उपक्रम करने लगा । श्रीमतीजी भी होली के दिन के लिये घर में आवश्यक तैयारियों में जुट गई थीं ।आखिरकार होली का दिन आ ही पहुँचा और हमने भी मित्र मण्डली पर रोब जमाने के लिये तैयारियों में कोइ कोर कसर बाकी नहीं रखी थी। इस चक्कर में खर्चा भी अच्छा खासा हो गया था लेकिन मान प्रतिष्ठा के आगे इसकी कोई चिंता नहीं की गई थीं। खासतौर पर हमारी श्रीमती जी तो तन-मन-धन से इस कार्य में समर्पित हो गई थी। हमारी श्रीमती जी को चिंता थी कि हमारे द्वारा दिए गए पार्टी में कोई कोर कसर बाकी न रह जाए। क्योंकि उनको मिसेज पॉपुला और मिसेज पांडे को अपनी शानदार पार्टी आयोजित कर दिखाना जो था। सो इसलिए भी वह शानदार जानदार पार्टी के आयोजन की तैयारी में जुट गई थीं ।यह देखकर हम तो अपने आप पर फक्र महसूस कर रहे थे कि ₹भगवान भाग्यवान को ही ऐसी पत्नी मिलती है ।₹ हम यह सोचकर ही कुप्पा हुये जा रहे थे ।ले देकर इंतजार की घड़ियां समाप्त तब हुई जब हमने देखा दूर से हमारी मण्डली (टोली) हुड़दंग करती चली आ रही थी। हम दोनों ने बाहर निकल कर टोली की अगवानी की व सस्नेह टोली (मण्डली) को अन्दर ले गये ।मण्डली जब विराजमान हो गई तो हमने श्रीमतीजी का मुंह ताका और वे समझ गईं, तुरन्त सभी तैयारी पूर्ण हो गई और स्वल्पाहार तथा मलाईदार भांग की शर्बत का दौर चल पड़ा था। मिसेस पापुला की नजर हमारे घर में खासकर जो हम दिखाना चाहते थे, उन सभी पर पड़ गई थी और वे कह ही उठीं-अरे वाह भाई साहब आपने तो कमाल ही कर दिया आपने तो कितनी नफासत से सजा रखा है अपने घर को। एक से एक मंहगी चीजें दिख रही हैं। कितनी अच्छी च्वाइस है भई आपकी ,मान गये ।हम तो इतना सुनकर गद्गगद हो गये। लेकिन श्रीमतीजी की ओर जब हमारी तनी हुई गर्दन घूमी तो हम उनकी तरेरती आँख देखकर ही एकदम ठण्डे हो गये फिर मस्का लगाते हुये बोल उठे, भाभीजी ये तो सब हमारी इनका कमाल हैं बेचारी दिन रात खटती रहती हैं और जब हमने यह कहा तब हमारी श्रीमतीजी का गर्व से दमकता चेहरा देखने लायक था। इतना कहकर ही हमारी जान पर जान आई अन्यथा तो दिन में तारे ही नजर आ गये थे। फिर शुरू हुआ मंडली द्वारा रंग गुलाल मस्ती, हुड़दग का दौर और ये मस्ती हद का दौर ऐसा चला कि ऐसा चला कि हाय उन नाशपिटों ने हमारे घर की नफासत और सजावट का सत्यानाश ही कर डाला हाय...। याद करते ही हमारा कलेजा कांप उठता है उस दिन हरेक ने अपनी खूब मनमानी की थी। लगता था वे जैसे पहले से ही खार खाये बैठे थे- श्रीमती पाण्डेय जी तो अपने साथ अपने बच्चों की ऐसी शैतान टोली लाई थीं कि क्या बताऊँ।इन लोगों हमारी रसोई का बेड़ा गर्क दिया। अपनी धमा चौकड़ी में बाकी घर का गुड़गोबर तो हमारी मित्र मंडली ने कर दिया था। सारे घर के समान सजावटी सामान करीने से रखे टेबल कुर्सियां चादर तकिए यह सब रंग और गुलाल से रंग दिये और टोली द्वारा किए गए हुड़दंग में हमारा पूरा घर अस्तव्यस्त हो गया,सारे दीवार भी रंग-बिरंगे होली के रंगों से रंग दिए गए थे ।मण्डली ताण्डव के बाद उनके विदा होने के बाद तो हमारी और भी शामत आ गई जब साक्षात काली का अवतार लिये बेलन रुपी हथियार लिये हमारी श्रीमती ने हमारी गिन गिन कर हड्डियां तोड़ी थी। मुंह से बस आह निकल रही थी, मन ही मन कोसते हुए बरबस ही कराहते हुए मुंह से निकल पड़े ये शब्द.....हाय रे होली......वाह रे टोली........?

# जेबों की सर्जरी

विजय गर्ग

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दशार्ता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है।

दरअसल, अस्पताल की फामेर्सी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निमार्ताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केंद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी, गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं।

# लीलावती अस्पताल में 1200 करोड़ का घोटाला!

- लीलावती अस्पताल में मानव खोपड़ियों से भरे कलश मिले
- 1200 करोड़ रुपये के घोटाले आरोपों के बीच बड़ा खुलासा
- कलश मिलने से खड़ा हुआ सवाल, कौन कर रहा था काला जादू



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में 1200 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों की बीच पूर्व ट्रस्टियों पर काला जादू करने का आरोप लगा है। इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस खुलासे के बाद हड़कंप मचा हुआ है कि क्या लीलावती में अस्पताल में जानबूझकर मंजूलिया की तर्ज पर कोई काला जादू किया गया। लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट के मौजूदा सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पूर्व ट्रस्टियों ने 1,200 करोड़ रुपये की राशि हड़प ली है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल के परिसर में काला जादू किया गया था। मौजूदा ट्रस्टियों के कार्यालय के नीचे हड्डियों और मानव बाल से भरे आठ कलश मिले हैं ।ट्रस्ट ने पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय में शिकायत दर्ज कराई है और पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि वित्तीय अनियमितताओं ने बांद्रा अस्पताल में संचालन को प्रभावित किया है ।इसके अलावा अस्पताल में काले जादू के आरोप भी लगे हैं। काला जादू' का आरोप अस्पताल के कार्यकारी निदेशक और मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने कहा कि वर्तमान ट्रस्टियों ने कार्यभार संभालते ही चौंकाने वाला खुलासा किया। लीलावती हॉस्पिटल में बड़ी और नामी हस्तियां अभी तक इलाज के लिए पहुंचती रही हैं। हाल ही में हमले का शिकार हुए अभिनेता सैफ अली खान को भी यहीं एडमिट कराया गया था।

# बर्दाश्त न होने वाला स्टेटमेंट देते हैं... अजित पवार ने विपक्ष और सत्ताधारी नेताओं को लेकर दिया बयान

**उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यशवंतराव चव्हाण को उनकी 112वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। अजित पवार यह कहते देखे गए कि वह यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा को कभी नहीं छोड़ेंगे। अजित पवार ने यह भी कहा कि कैबिनेट ने राज्य के संतुलित विकास के लिए बजट पेश करने को मंजूरी दे दी है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईःमहाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने कैबिनेट सहयोगी नितेश राणे की ओर से मुसलमानों के संबंध में दिए गए बयान को भ्रामक करार दिया और राज्य के नेताओं को संयम बरतने की सलाह दी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता नितेश राणे ने हाल में बयान दिया था कि मुसलमान छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना का हिस्सा नहीं थे। जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार से राणे की इस टिप्पणी के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नेताओं को यह ध्यान में रखना चाहिए कि उनकी ओर से सार्वजनिक रूप से दिए गए बयानों से सांप्रदायिक तनाव पैदा न हो।

## अजित पवार ने क्या कहा?

अजित पवार ने कराड में कांग्रेस के दिवंगत नेता और राज्य के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की जयंती पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि राजनीति में पक्ष या विपक्ष के कुछ नेता कभी-कभी ऐसे बयान दे देते हैं जो महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हानिकारक होते हैं। अतीत में राज्य के नेताओं ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है और यह सुनिश्चित किया है कि विभिन्न समुदाय साथ मिलकर शांतिपूर्वक रह सकें।

## नेताओं को दी नसीहत

पवार ने कहा कि एक संप्रभु राज्य की स्थापना करते समय शिवाजी महाराज ने कभी भी जाति या पंथ के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि नेताओं को चाहे वे सरकार में हों या विपक्ष में, बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि सांप्रदायिक विवाद पैदा न हो। महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में देशभक्त मुसलमान रहते हैं। इस बात के प्रमाण हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज के शासनकाल में कई मुसलमानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी...। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसे भ्रामक बयान देने का उद्देश्य समझ में नहीं आया। पवार ने कहा कि एक संप्रभु राज्य की स्थापना करते समय शिवाजी महाराज ने कभी भी जाति या पंथ के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यनेताओं को, चाहे वे सरकार में हों या विपक्ष में, बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि सांप्रदायिक विवाद पैदा न हो। महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में देशभक्त मुसलमान रहते हैं। इस बात के प्रमाण हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज के शासनकाल में कई मुसलमानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी...।

# अवैध संबंध में रोड़ा, महिला ने प्रेमी की मदद से पति को मार डाला

- युवक की लाश नीरा नदी के किनारे बोरी में मिली
- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की
- हत्या का खुलासा कमीज पर लगे टैग से हुआ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई / पुणेः पुणे जिले के भोर तालुका में नीरा नदी के किनारे बोरी में एक युवक की लाश मिली। पुणे पुलिस ने कुछ ही घंटों में हत्या का खुलासा कर दिया। मृतक की कमीज पर लगे टेलर के टैग ने पुलिस को उसकी पहचान करने में मदद की। इससे पुलिस उसकी पत्नी और उसके प्रेमी तक पहुंची, जिन्होंने कथित तौर पर अपने अवैध संबंध का खुलासा होने पर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार महिला योगिता भिसे और उसके प्रेमी शिवाजी बसवंत सुतार आरोपी हैं। मृतक पति का नाम सिद्धेश्वर भिसे है। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने इसकी जानकारी दी है। पत्नी ने स्वीकार किया है कि उसने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या की है।

## क्या है मामला?

इस संबंध में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार योगिता भिसे और शिवाजी सुतार के बीच कुछ समय से अवैध संबंध थे। हालांकि उनके प्यार में उसका पति एक बाधा था। पत्नी और उसके प्रेमी ने अपने पति को मारने का फैसला किया। इसके बाद 3 मार्च 2025 को पत्नी ने अपने प्रेमी की मदद से हडपसर स्थित अपने घर में पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने उसके हाथ-पैर साड़ी के फंदे से बांध दिए और शव को एक बोरी में भर दिया।

## बोरी में भरकर शव फेंका

पति के शव को दोपहिया वाहन से भोर के पास सरोला क्षेत्र में नीरा नदी में फेंक दिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि इसके बाद उन्होंने उसके हाथ-पैर बांध दिए, उसे सफेद, पीले और लाल प्लास्टिक की बोरी में डाल दिया और सबूत नष्ट करने के इरादे से



उसे नीरा नदी में फेंक दिया।अवैध संबंधों के चलते हत्याइस मामले में राजगढ़ पुलिस ने भिसे की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। राजगढ़ पुलिस ने मृतक की पहचान उसके शरीर पर लगे शर्ट के टैग से की। उनकी पहचान उनके हाथ पर बने टैटू से भी हुई। दिलचस्प बात यह है कि सिद्धेश्वर की पत्नी ने ही शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति लापता हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि यह हत्या अवैध प्रेम संबंध में बाधा बनने के कारण की गई थी।

# आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रेलवे जैन यात्रा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा जैन यात्राबांद्रा टर्मिनस (मुंबई) रेलवे स्टेशन से 08 रात/09 दिन की यात्रा, सोमवार 31 मार्च 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है ।

भारतीय रेल भारत सरकार के विजन देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत को प्रमोट करने के

लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को चलाने की एक अभिनव पहल है ।

आईआरसीटीसी की विशेष यात्रा ₹जैन यात्रा में पावापुरी-कुंडालपुर गुनियाजी- लाछुआर राजगीर-पारसनाथ झ रुजुवालिका -सम्मेद शिखरजी को कवर किया जाएगा

3AC श्रेणी वाली एसी टूरिस्ट ट्रेन में कुल 750 पर्यटक यात्रा करेंगे । पर्यटक इस पर्यटक ट्रेन पर बांद्रा टर्मिनस - बोरीवली - वापी - वलसाड - भेस्तान (सूरत) - भुसावल-इटारासी-जबलपुर-सतना रेलवे स्टेशन पर भी चढ़/उतर सकते हैं। आईआरसीटीसी भारत सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश की पहल के अनुरूप यह विशेष पर्यटक ट्रेन पैकेज लॉन्च कर रहा है और देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देगा। भारतीय रेलवे द्वारा संचालित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन पर जैन यात्रा टूर पैकेज प्रमुख आध्यात्मिक टूर पैकेजों में से एक है । जैन यात्रा का धार्मिक प्रवास 08 रातें और 09 दिन है तथा यह कुल 4500 किमी लगभग की यात्रा तय करेगीयह पर्यटकों को जैन यात्रा पर ले जाएगा, जो जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करेगा ।पूरी यात्रा के दौरान खानपान तथा अन्य सुविधाएं जैन पद्धति के अनुरुप होगी । आईआरसीटीसी अपनी विशेष और पूरी तरह से 3एसी वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन का लाभ उठाने के लिए जैन यात्रा के भक्तों का स्वागत करता है। खूबसूरत एलएचबी ट्रेन में कई अद्भुत विशेषताएं हैं जैसे आधुनिक पेंट्रीकार , प्रत्येक कोचों में उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ, सीसीटीवी कैमरे, उद्घोषणा प्रणाली और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होगी । आईआरसीटीसी ने सभी समावेशी पैकेजों की आकर्षक कीमत प्रति व्यक्ति रु. 24,930/- रखी है । टूर पैकेज में 3 AC श्रेणी में आरामदायक ट्रेन यात्रा, डबल/ ट्रिपल/ क्वाड शेयर पर धर्मशालाओं/ बजट होटलों में 03 रातों का ठहराव, सभी भोजन (ऑनबोर्ड और ऑफबोर्ड ): सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, चाय/कॉफी और रात काखाना शामिल है। (जैन भोजन में केवल) एसी वाहनों में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों आदि की सेवाएं उपलब्ध होंगी आईआरसीटीसी दौरे के दौरान पर्यटकों को सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा प्रदान करके सभी आवश्यक स्वास्थ्य सावधानियां भी बरत रहा है। अधिक जानकारी के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जा सकते हैं:https: //www .irctctourism. comऔर बुकिंग वेब पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए है मोबाइल नंबर 8287931886 पर संपर्क किया जा सकता है

# मर भी जाएं पर जरूर पढ़ेंगे जुम्मे की नमाज, सपा नेता अबू आजमी का बड़ा बयान

## मुसलमानों को अपमानित करने का आरोप लगाया



- **मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ कर हाल ही में विवादों में आए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने होली और रमजान के जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ने पर हो रहे विवाद पर बड़ा बयान दिया है। अबू आजमी ने कहा कि मर भी जाएं, लेकिन नमाज तो जरूर पढ़ेंगे। नमाज तो पढ़ना ही चाहिए।**
- **अबू आजमी ने जुम्मे की नमाज पढ़ने की अपील की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अवैध निलंबन के खिलाफ कोर्ट जाने का इरादा नहीं

मुंबईः मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ कर हाल ही में विवादों में आए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने होली और रमजान के जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ने पर हो रहे विवाद पर बड़ा बयान दिया है। अबू आजमी ने कहा कि वह हर हाल में जुम्मे की नमाज पढ़ेंगे। अबू आजमी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की कि जब नमाज पढ़ने जाएं और कुछ होता है तो कोई जवाब न दें। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़िए और घर जाइए। क्योंकि सरकार भी इनकी है और पुलिस भी। कानून नाम की कोई चीज अब बची नहीं है। मेरे साथ क्या हुआ, सभी ने देखा है। अबू आजमी ने कहा कि मर भी जाएं, लेकिन नमाज तो जरूर पढ़ेंगे। नमाज तो पढ़ना ही चाहिए।

## सपा नेता ने क्या कहा?

औरंगजेब पर दिए बयान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा से उनके निलंबन पर सपा नेता ने कहा कि देखिए, बात यह है कि किसी ने अचानक मुझसे सवाल पूछा और मैंने बस जवाब दे दिया। यह पहले से तय नहीं था, न ही मैंने कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। लेकिन इस मुद्दे को इतना तूल दिया गया कि मुझे महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया, और उपमुख्यमंत्री मुझे देशद्रोही कह रहे हैं। मेरे खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। मुझे पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## 'मेरे खिलाफ गलत तरीके से दर्ज हुआ केस'

अबू आजमी ने कहा कि मैं समझता हूं कि स्पीकर को कोई भी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। मेरे खिलाफ गलत तरीके से दर्ज की गई एफआईआर के लिए मैंने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था, जो मंजूर हो गई। उन्होंने कहा कि पूरा सदन चाहता था कि मुझे निलंबित किया जाए और कर दिया गया। अगर सदन चाहेगा कि मुझे हमेशा के लिए निलंबित कर दिया जाए, तो वह भी कर देंगे। उनकी सरकार है, वे जो चाहे कर सकते हैं।₹'देश में मुसलमान होना गुनाह हो गया है'महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन के खिलाफ अदालत की शरण में जाने के बारे में पूछे जाने पर अबू आजमी ने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। दुनिया देख रही है कि उनके साथ किस तरह से अन्याय किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ के बयान पर अबू आजमी ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह हो गया है। मुसलमानों को अपमानित किया जा रहा है। ऐसा माहौल पैदा किया जा रहा है कि इस देश के लिए मुसलमानों ने कुछ नहीं किया। कहा जाता है कि मुसलमानों ने देश को लूटा। मैं समझता हूं कि जहां-जहां बीजेपी की सरकार है, वहां मुसलमानों को तकलीफ दी जा रही है।

# मध्य रेल का होली उपहार (बोनान्जा)- गोवा/ कोंकण/ कर्नाटक/ केरल/ तमिलनाडु के लिए 42 होली विशेष ट्रेन सेवाएं

### इस वर्ष कुल 184 होली विशेष ट्रेन सेवाएं चलाई गई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने इस त्यौहारी/होली सीजन में गोवा/कोंकण/ कर्नाटक/ केरल/ तमिलनाडु जाने वाले यात्रियों को होली का एक शानदार तोहफा दिया है ।मध्य रेल देश भर में विभिन्न गंतव्यों के लिए कुल 184 विशेष ट्रेन चला रहा है, ताकि यात्री अपने प्रियजनों के साथ होली का त्यौहार मना सकें ।इनमें से 42 ट्रेनें गोवा/कोंकण/कर्नाटक/केरल/तमिलनाडु जाने वाले यात्रियों के लिए हैं ।इन ट्रेनों में वतानुकूलित विशेष, शयनयान और सामान्य कोच के मिश्रित संयोजन वाली ट्रेनें और अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं।

**गोवा, कोंकण, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के लिए 42 ट्रेन ट्सेवाएं शामिल हैं**

मुंबई से मडगांव तक 16 सेवाएं ,
मुंबई से रत्नागिरी (कोंकण) तक 6 सेवाएं
मुंबई से चिपलून (कोंकण) तक 8 सेवाएं
मुंबई से कन्याकुमारी (तमिलनाडु) तक 4 सेवाएं
मुंबई से तिरुवनंतपुरम (केरल) तक 4 सेवाएं
कलबुर्गि से बेंगलुरु (कर्नाटक) तक 4 सेवाएं

पर्यटक स्थलों पर होली मनाने के चलन को देखते हुए, ये ट्रेनें गोवा, कोंकण और केरल जैसे पर्यटन स्थलों पर जाने वाले यात्रियों के लिए बहुत सुविधाजनक हैं ।उक्त विशेष ट्रेनें यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में मददगार होंगी। यात्रियों की सुविधा और सहूलियत सुनिश्चित करने के लिए, मध्य रेल ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाया है और अपने पूरे नेटवर्क में कई महत्वपूर्ण उपाय लागू किए हैं ।यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में टिकट काउंटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर पेयजल, भोजन और शौचालय की सुविधा के साथ होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं ।अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों और टिकट जांच कर्मचारियों को तैनात करके विशेष ट्रेनों में उचित बोर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए एक व्यवस्थित कतार प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। पूरे स्टेशनों में प्रमुख स्थानों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और टिकट जांच कर्मचारियों की मौजूदगी यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने में भी मददगार है।

# भुसावल मंडल पर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (DRUCC) की 173 वीं बैठक आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भुसावल मंडल पर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की की 173 वीं बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में किया गया। बैठक के प्रारम्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अजय कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबन्धित यात्री सुविधाओं को बढ़ाने, रेलवे संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय ने भुसावल मंडल पर चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होने माननीय सदस्यों को आश्वस्त किया की यात्री सुविधाओं का विकास भुसावल मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं तथा उनकी उचित माँगों का मंडल द्वारा शीघ्र समाधान किया जाएगा ।मीटिंग के दौरान भुसावल मंडल द्वारा उपलब्धियों एवं यात्री सुविधाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की रेल समस्याओं, नयी ट्रेनों को चलाना, ट्रेनों के स्टोपेज बढ़ाना, ट्रेनों के विस्तार इत्यादि परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने तथा मंडल के स्टेशनों पर बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए गये। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय ने उन्हें उनकी उचित मांगों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया ।इस आयोजित बैठक में सर्व श्री राजेश भराड़े (भुसावल), श्री नीरव वोरा (अकोला), श्री मनीष करवा (अमरावती), श्री अशोक अग्रवाल (मलकापुर), श्री जीतेन्द्र देशमुख (चालिसगाव), श्री विजय मोहरीर (जलगांव), सुश्री माधुरी शर्मा (शेगांव), श्री उन्मेष मालू (अकोला), श्री अनिरुद्ध कुलकर्णी (भुसावल), श्री पंकज नाटानी (बुरहानपुर), श्री कुंदन यादव (अमरावती), श्री राजेश अग्रवाल (शेगांव) उपस्थित थे ।बैठक के अंत में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री अजय कुमार ने बैठक में शामिल होने व अमूल्य सुझाव देने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) श्री सुनील कुमार सुमन , अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनिकी) श्री एम्के मीणा एवं शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर ठगी के दो मामले

जहांगीराबाद, बुलंदशहर के जहांगीराबाद में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में शब्बर खां के साथ 95 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई।

**मध्य रेल**

**आईसीएफ बोगी फ्रेम का सुदृढीकरण**

**कार्य का विवरण :** परेल वर्कशॉप में 13 टन आईसीएफ बोगी फ्रेम का सुदृढीकरण मात्रा 740 बोगी फ्रेम; **अनुमानित लागत ₹:** 42,15,077/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क ₹:** --- **ईएमडी ₹:** 84300/-; **समापन अवधी:** बारह माह ई - निविदा की जमा करने की तिथी एवं अवधि दि. 03.04.2025 को 17.00 बजे तक है ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारीक वेबसाइट : **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है:

**Open E Tender Notice No.**
**PR - ICF-IOH-24-25-696 dt:10/03/2025**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 838

# होळी - रंगपंचमी सणाचा पर्यावरणस्नेही जल्लोष करा भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेचे नागरिकांना आवाहन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



'रंगोत्सव' चा जल्लोष साजरा करताना निसगार्ची हानी होणार नाही, याची काळजी घेणे अत्यंत आवश्यक आहे. याच पार्श्वभुमीवर भिवंडी निजापूर शहर महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक अनमोल सागर, (भा.प्र.से.) यांनी शहरवाशीयांना यंदाची होळी आणि धुलीवंदन (रंगपंचमी) पर्यावरणपूरक पध्दतीने साजरे करण्याचे आवाहन केले आहे. मा. उच्च न्यायालयामधील जनहित याचिका (क्र. १५५/२०११) अंतर्गत दिलेल्या निदेर्शानुसार देशभरातील नागरिकांना पर्यावरणपूरक सण साजरे करण्याचा सल्ला देण्यात आला आहे. त्याअनुषंगाने महापालिकेने विशेष मोहीम हाती घेतली असून, जलसंधारण, वृक्षसंवर्धन तसेच प्रदुषणमुक्त वातावरण निर्माण करण्यावर भर दिला जात आहे. पर्यावरणाचा समतोल राखण्याची जबाबदारी आपल्या प्रत्येकाची आहे. आपण परंपरा आणि संस्कृतीचे पालन करत असताना निसगार्ची हानी होणार नाही, याची दक्षता घेतली पाहिजे. त्यामुळे आपण सर्वजण पर्यावरणपूरक सण साजरा करण्याचा संकल्प करूया, असे आवाहन भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक अनमोल सागर, (भा.प्र.से.) यांनी नागरिकांना उद्देशून केले आहे. नागरिकांनी प्रशासनास सहकार्य करावे आणि प्रदुषणविरहित उत्सव साजरा करून एक जबाबदार नागरिक असल्याचा आदर्श निर्माण करावा, तसेच रायायनिक युक्त रंगाचा वापर टाळावा. त्याचबरोबर चालु वाहनांवर रंगाचे फुगे, प्लॅस्टिक पिशव्या फेकु नये त्यामुळे संभाव्य अपघात होणार नाही. तसेच पाण्याचा कमीत कमी वापर करावा. सर्वांनीच आपल्या पुढील पिढ्यांसाठी शुध्द हवा, स्वच्छ पाणी आणि हरित पर्यावरणाचा वारसा जपायला हवा. यासाठीच यंदाची होळी आणि रंगपंचमी 'निसर्गस्नेही' करण्याचा संकल्प करूया ! पर्यावरण संवर्धन प्रत्येक नागरिकाची जबाबदारी आहे. सण-उत्सवांचे महत्त्व कायम राखून, त्यांचा आनंद घेताना निसर्गाच्या संतुलनाची काळजी घेणे आवश्यक आहे. यंदाची होळी आणि रंगपंचमी पर्यावरणपूरक पध्दतीने साजरी करण्यासाठी महापालिका नागरिकांसोबत आहे. वृक्षतोड, पाण्याचा अपव्यय आणि प्रदूषण टाळुन जबाबदारीने उत्सव साजरा करावा, असे आवाहन माननीय प्रशासक तथा आयुक्त यांनी केले आहे.

# त्योहारों के दौरान स्टेशनों पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध

मुंबई, आगामी त्योहारी सीजन के दौरान होने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करना और स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना है। प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से लगा प्रतिबंध 16 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निम्नलिखित स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है: श्री विनीत ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, बुजुर्गों, महिला यात्रियों आदि की सहायता के लिए आने वालों को कुछ छूट दी गई है, ताकि उनकी यात्रा आसान हो सके। यात्रियों से अनुरोध है कि वे त्योहार के दौरान सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए तदनुसार योजना बनाएं और नए नियमों का पालन करें।

**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/63/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 81255031ए | उच्च चिपचिपा नायलॉन-66 इन्सुलेटिंग लाइनर का विनिर्माण और आपूर्ति | 246422 नग |
| 2 | 38254182 | उन्नत उच्च तन्यता केन्द्र बफर युग्मक के लिए नकल। | 17881 नग |
| 3 | 34243160 | पेंट सिंथेटिक इनेमल, बाहरी फिनिशिंग ब्रशिंग रंग | 73249एलटीआर |

उपरोक्त सभी निविदाओं की नियत तिथि **क्रमांक 1** - 27.03.2025, **क्रमांक 3** - 03.04.2025, और **क्रमांक 3** - 07.04.2025 है। 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्य रेल**

**भुसावल विभाग**

**ई- निविदा आमंत्रन सुचना**

**1) कार्य का विवरण : (i)** WAP-5 लोकोमोटिव के व्हील सेट के असेंबली पार्ट्स और बेयरिंग के डिसमेंटलिंग, क्लीनिंग हेतु कार्य करना । **Qty : 25** locos (100 Wheel Sets) **(ii)** WAP-5 लोकोमोटिव के ब्रेक डिस्क और उसके पार्ट्स के डिसमेंटलिंग और असेंबली का कार्य करना। **Qty :** 25 locos (100 Wheel Sets, 200 Wheel Discs) **2) अनुमानित लागत :** रु. 2,77,300/- (दो लाख सतहत्तर हजार तीन सौ रुपये मात्र) **3) बिड सेकुरीटी:** रु. 5600/- (पांच हज़ार छह सौ रुपये मात्र) **4) समापन कालावधी :** 01 वर्ष 6 महीने **5) निविदा अपलोड का अंतिम दिन और समय :** 07.04.2025 को 15:00 बजे, **6) वेबसाईट विवरण :** **http://ireps.gov.in**, **7) नोटिस बोर्ड और पता :** (जहा निविदा सुचना का विस्तृत विवरन देख सकते है) मुख्य कारखाना प्रबंधक, विद्युत इंजन कारखाना, भुसावल का कार्यालय, मध्य रेल, पुराना वरनगाव रोड, भुसावल, पिनकोड 425201.

**ई- निविदा सुचना क्र. बीएसएल / ईएलडब्लयू / निविदा / 2024-25/46**

**CWM ELW, BHUSAVAL**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है BSL-03

# बलूच लड़ाकों के कब्जे में 59 बंधक

## पाकिस्तानी अफसर बोले- विद्रोही बम लगे जैकेट पहने, इससे रेस्क्यू में मुश्किल, अब तक 27 लड़ाके मारे

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना और बलूच लड़ाकों के बीच पिछले 24 घंटे से लड़ाई जारी है।पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने 27 लड़ाकों को मार गिराया है। बलूचों से 214 बंधकों में से 155 को छुड़ा लिया है।59 अभी भी कब्जे में हैं। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एयरफोर्स और सेना के जवान बलूच लड़ाकों को घेरे हुए हैं। विद्रोही विस्फोटक से लदे आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, इससे बाकी बंधकों को रिहा कराने में मुश्किल हो रही है। वे इन्हें मानव शील्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (आईएसआई) ने कल यानी मंगलवार को दोपहर 1 बजे जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। 30 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा भी किया। जाफर एक्सप्रेस मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा



से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने गुडालार और पीरू कुनरी के बीच मंगलवार दोपहर एक बजे इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बी.एल.ए ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया।इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बी.एल.ए ने फायरिंग शुरू कर दी।फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ।इस ट्रेन में सुरक्षाबल, पुलिस और आईएसआई के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने बी.एल.ए के हमले का जवाब दिया, लेकिन बी.एल.ए ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान कई सुरक्षाकर्मी मारे गए। घटना की जानकारी मिलने पर पाकिस्तान आर्मी ने बी.एल.ए पर जमीनी फायरिंग की और हवा से बम भी बरसाए, लेकिन बी.एल.ए लड़ाकों ने किसी तरह आर्मी के जमीनी ऑपरेशन को रोक दिया। पिछले साल 25 और 26 अगस्त 2024 की आधी रात बी.एल.ए ने इस ट्रेन के रूट में कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था।इसके चलते ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी।11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हो गई थी।पाकिस्तानी मंत्री बोले- ये कायर लड़ाके हैं पाकिस्तान के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि सिक्योरिटी फोर्सेज ने कुछ यात्रियों को रिहा करा लिया है।कई लोगों को ट्रेन से उतारकर पहाड़ी इलाकों में ले जाया गया है।

बी.एल.ए के लड़ाके महिलाओं और बच्चों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं।सेना के सैनिक सावधानी से काम कर रहे हैं, क्योंकि इसमें लोगों की जान जाने का खतरा है।ऑपरेशन अभी भी जारी है। ये लड़ाके कायर हैं। वे आसान टारगेट चुनते हैं और छिपकर हमला करते हैं।

# जेलेंस्की 30 दिन के युद्धविराम के लिए तैयार

## अमेरिका-यूक्रेन में 8 घंटे चली बैठक; अब रूस की सहमति का इंतजार

एजेंसी

जेद्दाह, यूक्रेन वॉर खत्म करने को लेकर मंगलवार को अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच बैठक हुई।इसके बाद यूक्रेन ने अमेरिका के 30-दिन का युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है।सऊदी अरब के जेद्दाह में हुई बैठक में यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज ने यूक्रेन से कई समझौते के प्रस्तावों पर चर्चा की।हालांकि, कब्जे वाले एरिया के मुद्दे पर यूक्रेनी अधिकारी किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं दिखे।



दरअसल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूर्वी यूक्रेन के चार बड़े क्षेत्रों (डोनेट्स्क, लुहान्स्क, खेरसॉन, और जापोरीजिया) पर पूर्ण नियंत्रण चाहते हैं।रूस पहले ही यूक्रेन के 20% हिस्से पर कब्जा कर चुका है। 4 मार्च को

> यह प्रस्ताव एक सकारात्मक कदम है।इसे स्वीकार करने के लिए यूक्रेन पूरी तरह तैयार है।अब अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह रूस को इसके लिए राजी करे। जैसे ही मॉस्को सहमति देगा, युद्धविराम तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। –वोलोदिमिर जेलेंस्की, यूक्रेनी राष्ट्रपति

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि ट्रम्प के साथ पिछले हफ्ते उनकी बैठक उस तरह नहीं हुई जैसी होनी चाहिए थी। जेलेंस्की ने इसे अफसोसजनक बताया और कहा कि यूक्रेन खनिज समझौते के लिए तैयार है।जेलेंस्की का बयान ऐसे वक्त आया था, जब ट्रम्प ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया। इसमें ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची थी, उसे भी रोक दिया गया था।


व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार रोकी गई मदद को तब तक बहाल नहीं किया जाएगा, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं।

# सऊदी अरब में चल रही थी बैठक

## इधर पुतिन ने यूक्रेनी ड्रोन अटैक के बाद पलटवार में कीव पर कर दिया अटैक

एजेंसी

एक तरफ रूस और यूक्रेन की जंग रोकने की कोशिश हो रही है।सऊदी में इस संघर्ष को रोकने के लिए बैठक हुई है। वहीं दूसरी तरफ रूस और यूक्रेन दोनों देशों की तरफ से एक दूसरे के ऊपर ड्रोन अटैक के दावे किए जा रहे हैं। यूक्रेनी सेना ने बुधवार को कहा कि रूस ने रात भर के हमले में तीन मिसाइलें और 133 ड्रोन दागे। इसने कहा कि वायु सेना ने 98 ड्रोन मार गिराए।यूक्रेन की तरफ से कहा गया है कि अन्य 20 ड्रोन अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाए, संभवतः इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के जवाबी उपायों के कारण। लेकिन




यूक्रेन की तरफ से यह नहीं बताया कि शेष 15 ड्रोन का क्या हुआ। इससे यूक्रेन का रूस की राजधानी मॉस्?को पर बड़ा ड्रोन हमला हुआ है। 11 मार्च को सुबह-सुबह यूक्रेनी सेना द्वारा मास्को पर किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात 337 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका गया और नष्ट कर दिया गया। इस अटैक में 91 यूएवी को मास्को ओब्लास्ट के ऊपर रोका गया। कीव इंडिपेंडेंट ने रिपोर्ट किया कि यह युद्ध के दौरान एक ही हमले में रूस के खिलाफ लॉन्च किए गए ड्रोन की सबसे बड़ी संख्या है।ओब्लास्ट के गवर्नर एंड्री वोरोब्योव ने कहा कि लेनिनस्की शहरी जिले और डोमोडेडोवो में एक व्यक्ति की मौत हो गई

# भारत में अमेरिकी शराब पर 150% टैरिफ

## ट्रंप के टैरिफ युद्ध के बीच व्हाइट हाउस का बड़ा बयान

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की 2 अप्रैल की समयसीमा समाप्त होने में एक महीने से भी कम समय बचा है, व्हाइट हाउस ने अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर टैरिफ लगाने के लिए नई दिल्ली की आलोचना की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रेस सचिव कैथरीन लेविट ने सुझाव दिया कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय टैरिफ मौजूदा व्यापार स्थिति में मदद नहीं कर रहे



हैं।भारत की आलोचना करने के अलावा, लेविट ने निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए कनाडा पर अमेरिका को लूटने का भी आरोप लगाया। राष्ट्रपति दशकों से कनाडा द्वारा अमेरिका और मेहनतकश अमेरिकियों को लूटने के मामले में जवाब दे रहे हैं।अगर आप कनाडा द्वारा अमेरिकी लोगों और हमारे यहां काम करने वाले लोगों पर लगाए जा रहे टैरिफ की दरों को देखें, तो यह बहुत ही गंभीर है।मेरे पास एक आसान चार्ट है जो सिर्फ. कनाडा ही नहीं बल्कि पूरे देश में टैरिफ की दर दिखाता है। अगर आप कनाडा को देखें, तो अमेरिकी पनीर और मक्खन पर करीब 300 प्रतिशत टैरिफ है। आप भारत को देखें, तो अमेरिकी शराब पर 150 प्रतिशत टैरिफ है।क्या आपको लगता है कि इससे केंटकी बॉर्बन को भारत में निर्यात करने में मदद मिल रही है? प्रेस सचिव ने आगे कहा कि ट्रम्प पारस्परिकता में विश्वास करते हैं, और अब समय आ गया है कि हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति हो जो वास्तव में अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों के हितों का ध्यान रखे। कनाडाई इस्पात और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की योजना लागू हो गई, एक दिन पहले ट्रम्प ने कहा था कि ओंटारियो की प्रांतीय सरकार द्वारा तीन अमेरिकी राज्यों को बिजली निर्यात पर 25 प्रतिशत अधिभार को निलंबित करने के निर्णय के बाद वह कनाडाई इस्पात और एल्युमीनियम पर टैरिफ को दोगुना करने से संभवतः पीछे हट जाएंगे।

# मैं हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं', सुवेंदु अधिकारी के बयान ममता की दो टूक



एजेंसी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं।कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं।वे (बीजेपी) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोजा का महीना है, और उन्हें यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया।इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया।


> ममता ने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। वोट बैंक और मुसलमानों के तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को किनारे किया जा रहा है।हमारे मुख्य सचेतक डॉ. शंकर घोष ने हमारे मुद्दे उठाए और हमेशा की तरह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।हम इस निरंकुशता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।उन्होंने ममता सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि यह सरकार सांप्रदायिक प्रशासन चला रही है। उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार को मुस्लिम लीग का दूसरा रूप करार देते हुए कहा था कि बंगाल की जनता इस बार इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हम आपको यह भी बता दें कि शुभेन्दु अधिकारी पहले भी इस तरह के विवादास्पद बयान दे चुके हैं।

# संभल जिला प्रशासन को झटका, जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई के आदेश

एजेंसी

संभल संभल की जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई मामले में जिला प्रशासन को झटका लगा है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को मस्जिद की रंगाई-पुताई का आदेश दे दिया. हाईकोर्ट ने ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ



इंडिया को एक हफ्ते में मस्जिद के मूल ढांचे को बिना नुकसाान पहुंचाए रंगझरोगन का काम पूरा करने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा कि कमेटी केवल बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करा सकती है. हाईकोर्ट ने कहा कि मस्जिद की बाहरी दीवार पर लाइटनिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन बिना मूल ढांचे को नुकसान पहुंचाए. मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में दाखिल की थी याचिकाः 25 फरवरी 2025 को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. याचिका में अपील की थी

## मामला सीएम के दरवाजे तक पहुंच गया, बीजेपी ने रान्या राव के साथ सिद्धारमैया की फोटो शेयर कर साधा निशाना

भाजपा नेता अमित मालवीय ने बुधवार को यह टिप्पणी भाजपा के इस आरोप के बीच की है कि अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारी कथित तौर पर तस्करी अभियान को अंजाम देने में अभिनेत्री की सहायता कर रहे थे।

## मध्य प्रदेश में 4.21 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 2025-26 के लिए राज्य का 4,21,032 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी ई–निविदा आमंत्रित करता है सूचना संख्याः ईएल–81–79–18–डब्ल्यूए–50 (आर) दिनांक 10/03/2025; कार्य और स्थानः सचिन इलेक्ट्रिकल (पावर) कार्य, आइलैंड प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म नंबर 2 और लूप लाइन नंबर 1 पर होम प्लेटफॉर्म के विस्तार और उन्नयन के संबंध में; कार्य की अनुमानित लागतः 1,04,90,903.00; ईएमडीः 2,02,500; जमा करने की तिथि और समयः 07/04/2025, को 15:00 बजे तक; खुलने की तिथि और समयः 07/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www-ireps-gov-पद पर जाएं हमें

1174

हमें लाइक करें:.facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैकमैनों के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष का प्रावधान**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 ई–निविदा आमंत्रित करता है। सूचना क्रमांकः **बीसीटी/24–25/306** दिनांक 11/03/2025; कार्य का नामः विरार जोरावासन अनुभागः **टीएफआर– 22.138** टीकेएम के संबंध में सीनियर डीईएन उत्तर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैकमैनों के लिए टूल रूम सह रेस्ट रूम और ट्रैकमैनों के लिए टूल रूम सह रेस्ट रूम प्रदान करना। इलेक्ट्रिक (पी) भाग सहित संमग्र निविदा; कार्य की **अनुमानित लागतः** 4,46,69,821.29; **ईएमडी:**373400.00; **जमा करने की तिथि और समयः** 08/04/2025, को 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समयः** 08/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www-ireps-gov-in पर जाएं

1172

हमें लाइक करें:.facebook.com/WesternRly

**सार्वजनिक सूचना**

**फुट ओवर ब्रिज बंद**

प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर दादर पीएससी फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) (उत्तर की ओर) की सीढ़ियों की संरचनात्मक स्थिति जीर्ण–शीर्ण है। पूरी सीढ़ी के पुनर्निर्माण के लिए, इसे 16/03/2025 (45 दिनों के लिए) से बंद कर दिया जाएगा। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए बहुत खेद है।

पश्चिमी रेलवे

wr-indianrailways-gov-in

1173

हमें लाइक करें:.facebook.com/WesternRly Follow us on: X x.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**माइनर युनिट के अतंर्गत केटरिंग सेवाओं के प्रावधान**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई मण्डल (मध्य रेल) द्वारा योग्य निविदाकारों से गुरु तेग बहादुर नगर स्टेशन पर केटरिंग स्टाल हेतू खुली ई– निविदाओं को आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम** – मुंबई मण्डल में माइनर युनिट के अतंर्गत केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई निविदा, निम्न विवरण के अनुसार : **यूनिट का नाम :** GTBN-S-1, **निविदा नंबर: BBC159COCATGGTBN-25; स्टेशन का नाम / श्रेणी:** गुरु तेग बहादुर नगर स्टेशन श्रेणी ''एसजी 2'' (पुरानी श्रेणी ''सी''); **स्थान:** पीएफ नंबर 1 और 2 पर किमी 11 और 12 के बीच, वाटर हट के पास; **स्टाल श्रेणी:** सामान्य श्रेणी महिला कोटा; **कार्य समाप्ति की अवधि:** 05 (पांच) वर्ष ; **वेबसाईट विवरण : www.ireps.gov.in** ई **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01/04/2025 को 15.00 बजे तक; **अधिक जानकारी हेतु संपर्क करने का कार्यालय:** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय, रेलवे आरक्षण केंद्र के ऊपर, खानन अनुभागपा, मुंबई सीएसएमटी –400001; यह नोटिस केवल निविदा विज्ञापन उद्देश्य के लिए है, विस्तृत नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं। इसके अलावा परिशिष्टशुद्धिपत्र /, समय विस्तार, स्पष्टीकरण आदि, यदि कोई हो, विषय निविदा के संबंध में, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोलीदाताओं को खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाना चाहिए। रेलवे पूर्णया भाग में कार्य को स्वीकार करने या बिना किसी कारण बताए पूर्ण या भाग में निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्तावों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**Tender No.: BBC159COCATGGTBN-25**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

841

**महाराष्ट्र सरकार**

**लोक निर्माण विभाग**

**ई–निविदा सूचना क्रमांक 97 2024–2025 के लिए**

कार्यकारी अभियंता, प्रेसीडेंसी डिवीजन, पीडब्ल्यूडी, द्वितीय तल, बांधकाम भवन, 25 मुर्ज़बान रोड, फोर्ट, मुंबई–400 001 (टेलीफोन नं.– 22016975/22016977) द्वारा लोक निर्माण विभाग के उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए बी–1 फॉर्म में ऑनलाइन ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। सभी या एक निविदा को अस्वीकार/स्वीकार करने का अधिकार नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम राशि | राशि रु. (लाखोंमें) |
|---|---|---|
| 1 | आकाशवाणी एमएलए हॉस्टल मुंबई में वरंधा रूम, जनरल कैंटीन के ग्राउंड फ्लोर की आंतरिक रंगाई और प्लास्टरिंग। | 19.98 |
| 2. | पुलिस लाइन क्वार्टर फोर्ट, मुंबई के कारवार स्ट्रीट बी–विंग के ग्राउंड और पहली मंजिल पर विभिन्न कमरों के प्लास्टर, पॉलिमर मोर्टार फ्लोरिंग और दादो की मरम्मत और नवीनीकरण, दरवाजे और खिड़कियों की रंगाई | 24.92 |
| 3. | बदरुद्दीन तैयबजी मार्ग, मुंबई में ऑफिसर्स क्वार्टर के अंडर ग्राउंड और ओवरहेड वॉटरटैंक की मरम्मत। | 16.31 |
| 4. | एन.डी. रोड, मालबार हिल, मुंबई में अंबर बिल्डिंग के सीढ़ी क्षेत्र में आंतरिक प्लास्टर की मरम्मत, लौवर विंडो की मरम्मत। | 16.87 |
| 5. | एन.सी.सी. बिल्डिंग, मुंबई में पंप और लिफ्ट रूम पैसेज की मरम्मत। | 11.70 |
| 6. | मुंबई में ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर पीए/पीएस केबिन और एनसीएच में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी हॉल में कुर्सी की आपूर्ति, फर्श की मरम्मत। | 10.25 |
| 7. | आकाशवाणी में पहली और तीसरी मंजिल पर वरंधा और सीढ़ियों पर विधायक कक्ष की आंतरिक रंगाई और प्लास्टरिंग | 19.98 |
| 8. | मुंबई उच्च न्यायालय के एनेक्सी भवन में फर्श की मरम्मत। | 21.67 |
| 9. | मुंबई के मैडम कामा रोड स्थित नए प्रशासनिक भवन में राज्य निवाडनुक आयोग की 19वीं मंजिल का नवीनीकरण। | 26.21 |
| 10. | सेंट्रल रेलवे लोको वर्कशॉप, परेल मुंबई में ईवीएम/वीवीपीएटी भंडारण गोदाम की मरम्मत। | 14.98 |
| 11. | आंतरिक प्लास्टर, पॉलिमर मोर्टार का निर्माण, मरम्मत और जीर्णोद्धार तथा बी–विंग बिल्डिंग कारवार स्ट्रीट पुलिस लाइन क्वार्टर फोर्ट मुंबई के सामने की ओर 5 कोट पेंट के साथ पुनः पेंटिंग। | 24.88 |
| 12 | सीपी ऑफिस कंपाउंड, लोकमान्य तिलक मार्ग मुंबई में "ए" ब्लॉक सीपी साइड में बाहरी प्लास्टर पेंटिंग और वेदर शेड। | 36.31 |
| 13 | पुराने कस्टम हाउस, शहीद भगत सिंह मार्ग फोर्ट मुंबई में मंडप,अस्थायी मंच, कपड़ा विभाजन, वीआईपी और पीवीसी कुर्सी, कालीन की आपूर्ति, परिसर की पेंटिंग और आवश्यक व्यवस्था करना। | 9.69 |
| 14 | आकाशवाणी एमएलए हॉस्टल मुंबई में कमरा नंबर 518 (माननीय विधायक श्री सचिन कल्याणशेट्टी) की मरम्मत। | 13.96 |

जारी करने की तिथि :–12.3.2025 से 19.3.2025

शुरू होने की तिथि :– 20.3.2025

नोटिस से संबंधित सभी शुद्धिपत्र/परिवर्तन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे जो ई–टेंडरिंग प्रक्रिया में प्रकाशित किए जाएंगे।सभी विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है 1) www-mahapwd-com 2) www-mahatenders-gov-in

कार्यकारी अभियंता
प्रेसीडेंसी डिवीजन, पी.डब्ल्यू.डी., दूसरी मंजिल,
बंधकम भवन, 25, मुर्ज़बान रोड,
प्रेसीडेंसी प्रभाग, मुंबई,
फोर्ट, मुंबई 400 001

डीजीआईपीआर /2024–25/7065

## संक्षेप

### भूकंप से बचाव का मॉक ड्रिल

**काल्पनिक भूकंप परिदृश्य तैयार कर एनडीआरएफ और डीडीएमए ने स्कूल में फंसे लोगों को निकाला**

बांदा, जिले में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत एक बड़ा मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस अभ्यास में एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम ने हिस्सा लिया। अटल आवासीय विद्यालय आछरौंद में एक काल्पनिक भूकंप परिदृश्य तैयार किया गया। इस परिदृश्य में स्कूल की इमारत का एक हिस्सा ढह गया और कुछ लोग उसमें फंस गए। सूचना मिलते ही आपातकालीन परिचालन केंद्र ने एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को तुरंत अलर्ट किया। उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल की देखरेख और निरीक्षक सभाजीत यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट और कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए। बचाव दल ने विशेष कटिंग उपकरणों और रस्सी तकनीकों का इस्तेमाल करके फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला। इस मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड, पुलिस, राजस्व विभाग और अग्निशमन सेवा की टीमें शामिल हुईं। स्कूल के प्रधानाचार्य जनार्दन उपाध्याय, तहसीलदार विकाश पाण्डेय, सतीश चंद्र वर्मा और राधेश्याम सिंह समेत जिला आपदा विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। सभी हितधारकों ने एनडीआरएफ की टीम के पेशेवर कौशल की सराहना की।

### सड़क सुरक्षा के लिए किन्नरों ने संभाली कमान

**बांदा में अनूठी पहल, वाहन चालकों को समझाए हेलमेट के फायदे**

बांदा, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एक अनोखे अंदाज में चलाया गया। इस बार परिवहन विभाग और पुलिस अधिकारियों के साथ किन्नर समुदाय ने मोर्चा संभाला। शहर के प्रमुख स्थानों कालू कुआं और बाबूलाल चौराहे पर किन्नरों ने वाहन चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने अपने विशेष अंदाज में हेलमेट न पहनने वालों से माफी मंगवाई। एक खास घटना में, एक दंपति को रोका गया। किन्नरों ने पति से कुछ नहीं कहा, लेकिन पत्नी को समझाया कि सिर में चोट लगने से होने वाले नुकसान के बारे में। इस अभियान में एआरटीओ शंकर सिंह, पीटीओ राम सुमेर यादव और ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

### 5 साल पुराने हत्याकांड में आरोपी को उम्रकैद की सजा

**बांदा कोर्ट ने सुनाई सजा, 21 हजार रुपए जुमार्ना, 2018 में हुई थी हत्या**

बांदा, जिले में एक पांच साल पुराने हत्याकांड में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सत्र न्यायालय बांदा ने आरोपी रज्जू उर्फ राजेश कुमार कोरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 21 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला 31 जनवरी और 1 फरवरी 2018 की रात का है।

# प्रयागराज में महाकुंभ की छाप होली बाजार पर दिखीं

## त्रिशूल और डमरू वाली पिचकारियों की धूम, बच्चों की पसंद बन रहीं कुंभ थीम वाली आकृतियां

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इस बार होली का बाजार महाकुंभ के रंग में रंगा हुआ है। बाजार में बच्चों के लिए त्रिशूल, डमरू, हथौड़ा और साइबेरियन बर्ड्स जैसी विशेष आकृतियों वाली पिचकारियां सज गई हैं।

चौक के घंटाघर स्थित होली बाजार में इस बार कुंभ थीम वाली पिचकारियों की मांग देखी जा रही है। कारोबारियों ने बच्चों की मांग को देखते हुए मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों से विशेष डिजाइन की पिचकारियां मंगवाई हैं। रंग कारोबारी कादिर के अनुसार, महाकुंभ का प्रभाव होली बाजार में साफ दिख रहा है। बच्चे और अभिभावक कुंभ में दिखने वाली वस्तुओं जैसी पिचकारियों की मांग कर रहे हैं। इसमें स्वास्तिक और अलग-अलग रंगों के बाल व जटाओं वाली पिचकारियां भी शामिल हैं। खरीददार किशन गुप्ता ने बताया कि उनके बच्चे महाकुंभ में देखी गई आकृतियों वाली पिचकारियों की मांग कर रहे थे। बच्चों की जिद के आगे झुककर वे चौक बाजार तक इन खास पिचकारियों की तलाश में आए हैं। बाजार में होली के त्योहार को लेकर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। प्रयागराज। महाकुंभ भले की समाप्त हो गया है लेकिन उसके असर को होली के खिलौना पिचकारी बाजार मे साफ देखा जा रहा है। पिचकारी मार्केट मे खास महाकुंभ मे दिखाई पड़ने वाली वस्तुओं की डिमांड अच्छी खासी है। जिसके चलते कारोबारियों ने मेन्यूफेक्चर कंपनियो से बच्चो के लिए खास तरफ की पिचकारिया मंगवाई हैं। प्रयागराज का बड़ा मार्केट चौक का घंटाघर बताया जाता है। जहां होली का खूबसूरत बाजार सजा है। ग्राहक बाजार मे आई होली के समान खरीदने को उमड़ रहे है। ऐसे मे होली पर बच्चो के लिए कुछ खास दुकानों पर दिख रहा है। रंग कारोबारी कादिर ने बताया, इस बार होली के बाजार मे महाकुंभ का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। बच्चे व अभिभावक इस बाद महाकुंभ मे दिखाई पड़ने वाली कलाकृतियों जैसे खिलौनेनुमा पिचकारी की डिमांड लेकर आ रहे थे।

# नो स्मोकिंग डे पर प्रयागराज में विशेष पहल

## पावर जेनरेशन कंपनी में नुक्कड़ नाटक से दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, सैदाबाद स्थित प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में नो स्मोकिंग डे पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों को दशार्या गया।

नुक्कड़ नाटक में दीप्ति सिंह कृष्णा, सूरज कुमार, अजीत कुमार, गजेंद्र और भारत प्रकाश ने अभिनय किया। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र गांधी ने संस्थान के कर्मचारियों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई। कर्मचारियों ने न केवल स्वयं नशा न करने की शपथ ली, बल्कि दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। संस्था के एचआर प्रमुख जावेद सलीम खान ने नशे को परिवार और समाज के लिए विनाशकारी बताया। एडमिन हेड अभिषेक कुमार और एआर हेड निशांत सिंह ने कर्मचारियों को समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया। मेडिकल अधीक्षक डॉ. अशोक भारती ने नशे के आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। डॉ. राकेश कुमार पासवान ने नशे की शुरूआत में मित्रों के दबाव की भूमिका को रेखांकित किया। मनोसामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जयशंकर पटेल ने समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका श्रीवास्तव ने किया, जिसमें साइट्रिक नर्स शैलेश कुमार का भी सहयोग रहा।

# होली पर अमेठी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- 2000 से ज्यादा होलिका दहन स्थलों पर 1500 पुलिसकर्मी तैनात, ड्रोन से नजर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, होली और होलिका दहन को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पूरे जिले को चार जोन और 25 सेक्टर में बांटा गया है। होलिका दहन और शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। दो हजार से अधिक होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। त्योहार की सुरक्षा के लिए कुल 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें 28 इंस्पेक्टर, 220 सब इंस्पेक्टर और 1220 मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक कंपनी पीएसी भी तैनात की गई है। सभी थानों और जिला स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई हैं। शोभायात्रा के मार्गों का सीओ द्वारा निरीक्षण किया गया है। होलिका दहन समितियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। पुलिस बाइक स्टंट और शराब के नशे में हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखेगी। सभी प्रमुख स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।




# पत्रकारों ने राज्यपाल के नाम भेजा ज्ञापन

## सीतापुर के पत्रकार हत्याकांड में सीबीआई जांच, आर्थिक सहायता की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, सीतापुर जिले के महोली कस्बे में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने कार्रवाई की मांग की है। बल्दीराय के पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को नौ सूत्रीय ज्ञापन भेजा। पत्रकार भोला मिश्र और पवन दूबे के नेतृत्व में पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। इनमें हत्याकांड की सीबीआई जांच, दोषियों को कड़ी सजा, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता शामिल है। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की मांग भी की गई है। पत्रकारों ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को कड़े निर्देश जारी करने की अपील की है।




पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग भी रखी गई है। उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, इम्तियाज अहमद खान, तकी मेहंदी समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

# समाज कल्याण अधिकारी पर वसूली का आरोप

- पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराए 40 हजार रुपए, मंत्री ने 20 मार्च तक मांगी रिपोर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के एक बाबू ने रिश्वत की शिकायत की है। बाबू गोकुल प्रसाद ने डीएम अमेठी को दी शिकायत में बताया कि अधिकारी ने धमकाकर उनसे 40 हजार रुपए अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। बाबू के मुताबिक, समाज कल्याण अधिकारी ने उन्हें अपने चैंबर में बुलाया। वहां उनका मोबाइल छीनकर फोन-पे का पासवर्ड लिया। फिर डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाबू ने अपनी शिकायत के साथ रुपयों के लेनदेन का साक्ष्य भी जमा किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को निर्देश दिए कि अयोध्या मंडल के उपनिदेशक मौके पर जाकर जांच करें। मंत्री ने 20 मार्च तक जांच रिपोर्ट मांगी है। जीरो टॉलरेंस अपना रही सरकार मंत्री असीम अरुण ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई

## होली से पहले 6 दिन में 3.75 लाख का सामान जब्त, 30 नमूने लैब भेजे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, होली को लेकर अमेठी का खाद्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं चेकिंग अभियान में अब तक करीब पौने चार लाख रुपए का खाद्य सामान सीज किया गया है। जबकि 30 से अधिक नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इन सभी व्यवसाईयों पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल दो दिन बाद होली का त्योहार है। त्योहार को लेकर बड़ी संख्या में व्यवसायी मिलावटी सामानों को बेचते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे ही व्यवसाईयों पर शिकंजा करने के लिए जिले का खाद्य विभाग पूरी तरह से एक्टिव मोड में है। पिछले 6 मार्च से खाद्य विभाग द्वारा पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। दूषित सामान सीज किया अभियान में पौने चार लाख रुपए का दूषित खाद्य सामान सीज किया गया है, जबकि दूध खोया पनीर समेत 30 नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इन सभी खाद्य सामानों को बेचने वाले व्यवसाईयों पर कार्रवाई की जाएगी। आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई वहीं सहायक खाद्य आयुक्त राजेश द्विवेदी ने कहा कि शासन के निर्देश पर होली के त्योहार के मद्देनजर पिछले 6 मार्च से सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहा है। अभियान में अब तक 30 नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। पौने चार लाख रुपए का सामान जब्त किया गया जिसमें से कुछ सामानों को नष्ट भी कराया गया है। विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई की जाती रहेगी।

# पत्नी और बेटे के हत्यारे को हुई उम्रकैद

## अलीगढ़ में कोर्ट ने 9 साल बाद सुनाई सजा, पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था दोषी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जवां थाना क्षेत्र में पत्नी और 2 साल के मासूम बेटे की हत्या करने वाले दोषी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर आर्थिक दंड भी लगाया गया है। दोषी ने पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी। पत्नी की हत्या के बाद दोषी ने अपने बेटे का सिर भी ईंट से कुचल दिया था। घटना के बाद मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। यह मामला एडीजे 14 अमित कुमार तिवारी की कोर्ट में चल रहा था। सारे साक्ष्य और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने दोषी को अब सजा सुनाई है। एडीजीसी रविकांत शर्मा ने जवां के गांव सिकंदरपुर माजरा निवासी पवन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उसके खिलाफ उसके साले ने मुकदमा दर्ज कराया था। बुलंदशहर छतारी के गांव बिरौरा निवासी हिमांशु ने पुलिस को बताया था कि उसने 2003 में अपनी बहन मीना की शादी पवन से की थी। उसे सूचना मिली थी कि पवन ने उसकी बहन और भांजे की हत्या कर दी है। जब वह अलीगढ़ आया तो घर पर उसकी बहन और भांजा नहीं थे। दोषी पवन घर पर था। घर के अंदर खून पड़ा हुआ था। फिर उसने मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमें के बाद पुलिस ने दोषी को गिरफ्तार किया था। पुलिस की पूछताछ में दोषी ने बताया था कि उसने हत्या के बाद दोनों के शवों को छिपा दिया है। महिला का शव नहर में मिला था, जबकि मासूम बच्चे का शव घर के नजदीक मिट्टी में दबा दिया गया था। दोषी की निशानदेही पर ही पुलिस ने शव को बरामद किया था। इन सारे साक्ष्य दोषी को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस की पूछताछ में सामने आया था कि दोषी पवन अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। उसे यह भी संदेह था कि 2 साल का मासूम बेटा भी किसी और की संतान है। इसी कारण से उसने अपनी पत्नी और बेटे की जान ले ली। दोषी पवन की क्रूरता और नृशंसता को आधार बनाते हुए उसके खिलाफ फांसी की सजा की मांग की गई थी।

लेकिन कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। आर्थिक दंड का एक हिस्सा पीड़ित पक्ष को बतौर हजार्ना दिया जाएगा।

# चुनाव की तैयारी: अधिकारियों-राजनीतिक दलों की बैठक

## बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और प्रादेशिक राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। एसडीएम तिवारी ने सभी राजनीतिक दलों से हर बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलओ) नियुक्त करने का आग्रह किया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की। भाजपा के जिला महामंत्री घनश्याम चौहान और मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक ने बीएलओ की भूमिका पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों को घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण करना चाहिए। साथ ही फर्जी मतदान रोकने के लिए पर्दा प्रथा को समाप्त करने की मांग की। सपा प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने मतदान के बाद फॉर्म 17सी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में कांग्रेस से सुरेंद्र सिंह और बसपा से रामसजीवन गुप्ता भी मौजूद रहे।

# ब्रज में विधवा माताओं ने खेली होली

## गोपीनाथ मंदिर में उड़ा 45 क्विंटल फूल-गुलाल, महिलाओं के साथ विदेशी भी झूम उठे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, वृंदावन के गोपीनाथ मंदिर में आज विधवा माताओं ने फूल-गुलाल से होली खेली। 20 क्विंटल फूल और 25 क्विंटल गुलाल की व्यवस्था की गई। इतने गुलाल और फूलों की बारिश हुई तो फर्श पर इसकी मोटी परत जम गई। माताओं के साथ विदेशी महिलाएं भी झूम उठीं। विदेशी पर्यटकों ने कहा- यह अद्भुत है, बहुत आनंद आ रहा है। इस तरह आनंद की अनुभूति पहली बार हुई। गोपीनाथ मंदिर में म्यूजिक पर बजते होली के भजन, फिजा में उड़ते गुलाल-फूल और नाचती-गाती करीब 1000 विधवा और निराश्रित माताएंड्ड यह आयोजन सामाजिक संस्था सुलभ इंटरनेशनल ने किया। संस्था ने बदरंग हो चुकी विधवा माताओं की जिंदगी में रंग घोलने के लिए इस खास होली का आयोजन किया।

# चोरी के शक में सिपाही ने तोड़ीं छात्र की उंगलियां

## सरकारी आवास ले जाकर बुरी तरह पीटा, नहीं दे पा रहा परीक्षा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी, जिले में पुलिस की क्रूरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मोबाइल चोरी के शक में पुलिसकर्मी ने 12वीं के छात्र की बेरहमी से पिटाई की और उसकी उंगलियां तोड़ दीं। दर्द से कराहते छात्र की हालत ऐसी हो गई कि वह बोर्ड परीक्षा भी नहीं दे पा रहा है। मामला सुबेहा कस्बे का है, जहां विजय कुमार रावत के बेटे निर्मल कुमार की 12वीं की परीक्षा केसीआरसी कॉलेज, रहमतगढ़ (अमेठी) में चल रही थी। 8 मार्च को परीक्षा के दौरान निर्मल और उसके दोस्तों ने अपने मोबाइल एक बाइक की डिग्गी में रख दिए थे। परीक्षा खत्म होने के बाद बाकी छात्र अपने मोबाइल लेकर चले गए, लेकिन कुछ देर बाद शुकुलबाजार थाने के सिपाही रमाकांत यादव का फोन आया। थाने बुलाकर पीटा, उंगलियां तोड़ीं आरोप है कि सिपाही ने निर्मल पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए उसे थाने बुलाया और फिर अपने सरकारी आवास पर ले गया। वहां पूछताछ के नाम पर निर्मल को बुरी तरह पीटा गया। निर्मल ने बताया कि सिपाही ने उसकी दाहिनी हाथ की उंगलियों को उलटा मोड़कर तोड़ दिया। डराकर जबरन सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए निर्मल के पिता विजय कुमार रावत का कहना है कि जब उन्होंने बेटे की हालत देखी तो वे तुरंत डॉक्टर के पास गए, जहां फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।